### ऊपरी पुलों तथा नीचे के पुलों का निर्माण

*९८. श्री विभूति मिश्र : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कई स्थानों मे रेल के ऊपरी पुल और नीचे के पुलों के निर्माण की मांग की गई है ;

(ख) यदि हां, तो विभिन्न क्षेत्रों के कितने स्थानों से यह माग की गई है ;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई योजना बनाई है कि एक वर्ष मे कितने नीचे के या ऊपर के पुल बनाये जायेंगे ; और

(घ) यदि हा, तो यह योजना क्या है ?

रेलवे उपमंत्री (श्री से० वे० रामस्वामी) : (क) जी हा ।

(ख) अभी इसके बारे मे सूचना मौजूद नही है और रेलो से मगानी पडेगी ।

(ग) और (घ). जी नही । जब कभी राज्य सरकारे रेल-प्रशासनो से रेलवे लाइनो के ऊपर या नीचे पुल बनाने के लिये कहती हैं और वर्तमान नियमो के अनुसार अपने हिस्से का खर्च देने को तैयार हो जाती है, तो उनकी बात तुरन्त मान ली जाती है । राज्य सरकारो से जवाब आने मे कुछ समय लगता है, इसलिये इस तरह का कोई कार्यक्रम नही बनाया जा सकता कि एक साल मे कितने पुल बनाये जायें । लेकिन ज्यो ही राज्य सरकार योजना (Plan) उसके अनुमानित खर्च और अपने हिस्से का खर्च उठाने की मजूरी दे देती है, रेल प्रशासन अपने निर्माण कार्यक्रम (Works Programme) में इस काम के लिये जरूरी रकम की व्यवस्था करते है और काम जल्द से जल्द शुरू कर दिया जाता है ।

### खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता

*१००. { श्री आर० बाला :
श्री का० मे० मालवीय

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खाद्यान्न के मामले में कितने राज्य आत्मनिर्भर हैं;

(ख) इस सम्बन्ध में अन्य राज्यों के आत्मनिर्भर न होने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या इन कारणों की कोई जांच की गई है और इन्हें दूर करने के लिए प्रयत्न किये गये हैं, और

(घ) यदि हा, तो क्या प्रयत्न किये गये है ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री अ० प्र० जैन) : (क) सामान्यत आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, उडीसा और पंजाब में अन्न की उपज खपत से अधिक होती है, और उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मद्रास तथा मैसूर आत्म निर्भर है ।

(ख) से (घ). आत्मनिर्भरता समूचे देश के लिये ही प्राप्त करनी है । प्रत्येक राज्य में चाहे वह आत्मनिर्भर है या नहीं, खाद्यान्न की उपज मे उन्नति के लिये गुजाइश है । परन्तु हो सकता है कि प्रत्येक क्षेत्र अथवा राज्य आत्मनिर्भरता प्राप्त न कर सके । प्रत्येक राज्य की समस्याओ का निरन्तर निरीक्षण किया जा रहा है, और खेती की उपज को बढाने के लिये उपाय किये जा रहे हैं ।

### Quota for Scheduled Castes and Scheduled Tribes

*101 Shri Daljit Singh: Will the Minister of Railways be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No 2980 on the 27th September, 1958 and state the progress made so far in filling up the quota reserved for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the Railway Protection Force on the Central Railway?